तापमान
अधिकतम 33.7 डिग्री
न्यूनतम 17.5 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, बुधवार, 22 अक्टूबर 2025



11 शहीदों की कुर्बानी को देश कभी नहीं भुला सकता...




12 स्वदेशी दीपावली मेला : विद्यार्थियों ने सजाई सुंदर...




EXCELLENCE THROUGH FAITH & COMMITMENT
RPSGOS

**RPS GROUP OF SCHOOLS**

Under the aegis of RPS Education Society, M/Garh

27 years — Excellence in Education

## 7th All India RPS OLYMPIAD

Online & Offline Mega Event

REGISTRATION FEE — CLASSES I-V ₹260/- | CLASSES VI-X ₹370/-

FIRST PHASE (IX – X) (ONLINE) — 2025 25th OCTOBER

FIRST PHASE (I – VIII) (ONLINE) — 2025 26th OCTOBER

SECOND PHASE (I – X) (OFFLINE) — 2025 8th NOVEMBER

| CLASS | 1ST | 2ND | 3RD | 4TH - 30TH | 31ST - 40TH |
|---|---|---|---|---|---|
| IX-X | ₹ 31000 | ₹ 11000 | ₹ 7100 | ₹ 3100 | ₹ 2100 |
| VIII | ₹ 21000 | ₹ 11000 | ₹ 7100 | ₹ 3100 | ₹ 2100 |
| IV-VII | ₹ 11000 | ₹ 7100 | ₹ 5100 | ₹ 3100 | ₹ 2100 |
| I-III | ₹ 11000 | ₹ 7100 | ₹ 5100 | ₹ 3100 | ₹ 2100 |

Lot many exciting rewards from 41ST - 50TH

LAST DATE OF REGISTRATIONS — 2025 24th OCTOBER (TILL 9:00 AM)

*For details related to **Subjects, Class-wise Syllabus & Registration** please refer to our website **www.rpsolympiad.in**

Unlock PYQs Here

**For enquiries related to RPS Olympiad, Please contact** Ph.:8222999182, 8409989898, 7827466258, 9467064534, 70424 96986

## FUTURES ILLUMINATED-DIWALI OF SUCCESS !

CUET -2025 AIR-3
Marks 1205/1250
PURVA SINGH
D/o Ms. BHAWNA & Mr. KULDEEP SINGH

Selected in TEAM INDIA for IJSO-2025 to be held at SOCHI, RUSSIA
AADISH JAIN
S/o Dr. RITIKA JAIN & Dr. GOURAV JAIN

UNIVERSITY OF SOUTHAMPTON, ENGLAND
GAURAV DEWAN
S/o Ms. ARITA DEWAN & MR. ASHISH DEWAN

ISI (INDIAN STATISTICAL INSTITUTE, KOLKATA) AIR 2
ISHAN AFRIA
S/o Ms. SANTOSH & Mr. NARENDER KUMAR

CBSE CLASS XII TOPPERS 99% MARKS 99% MARKS
ANUSHKA ROY
D/o Ms. REENA CHAUDHARY Mr. SANJAY ROY
PARV
S/o Ms. DEEPIKA & Mr. NAVNEET

CBSE CLASS X TOPPER 99.6% MARKS
DHRUV SINGHROHA
S/o Ms. ARCHANA & Mr. VIRENDER SINGHROHA

JUNIOR & YOUTH NATIONAL PARA BADMINTON CHAMPIONSHIP 2025 — 5 GOLD MEDALS
KARTIK SUHAG
S/o Ms. SAROJ & Mr. SATISH KUMAR

ODISSI DANCE SCHOLARSHIP CTSSS — CBSE CLASS- X 99%
AMISHI GAUTAM
D/o Ms. SAPNA GAUTAM & Mr. ANURAG GAUTAM

## ROAD TO SRCC

PURVA SINGH — D/o Ms. BHAWNA & Mr. KULDEEP SINGH — SRCC, DELHI
VAISHNAVI PANDEY — D/o Ms. PUSHPA TIWARI & Mr. RAGHAWENDRA N. P. — SRCC, DELHI
HARISH KUMAR — S/o Ms. NEELAM YADAV & Mr. ASHOK KUMAR — SRCC, DELHI
RIDDHIMA — D/o Ms. KAVITA & Mr. RAJKUMAR — SRCC, DELHI
DAKSHU — S/o Ms. REKHA DEVI & Mr. DINESH KUMAR — SRCC, DELHI
MANNU DEV — S/o Ms. SAROJ & Mr. DHARMENDER — SRCC, DELHI
HARSHITA YADAV — D/o Ms. KUSUM YADAV & Mr. KULDEEP SINGH — SRCC, DELHI

## SUPER ACHIEVEMENTS:

SHAPING CHAMPIONS WITH A 360° VISION

107 STUDENTS Above 500 Marks NEET Qualifiers
55 STUDENTS Above 99%ile JEE Main Qualifiers
96 STUDENTS JEE Advanced Qualifiers
145 STUDENTS NDA Written Qualifiers
59 STUDENTS CLAT Qualifiers
155+ STUDENTS 95% & Above CBSE CLASS-XII
435+ STUDENTS 95% & Above CBSE CLASS-X

## ADMISSIONS OPEN SESSION 2026-27

RPS TAKES THE GLOBAL LEAP WITH THE INTERNATIONAL BOARD FROM SESSION 2026-27

**Our Campuses:** Mahendergarh | Rewari | Rewari City | Dharuhera | Kosli | Behror | Hansi | Narnaul | Hisar | Gurugram Sec- 50 | Gurugram Sec- 89 | Karnal | Rohtak | Dadri | Rosewood City, Gurugram | Kanina | RPSIS Dharuhera

Top-Notch **Hostel Accommodation** for **Boys and Girls** at **M/GARH, KANINA, BEHROR, KOSLI & HANSI** CAMPUSES

Web.: www.rpsgroup.edu.in

## खबर संक्षेप

### पेंट डीलरशिप के नाम पर विक्रेता से लाखों ठगे

**सोनीपत।** जिले में साइबर ठगी के मामले कम होने का नाम नहीं ले रहे है। पेंट डीलरशिप के नाम पर एक पेंट विक्रेता से ठगी का मामला सामने आया है। साइबर ठग ने उसे नामी कंपनी की डीलरशिप दिलाने का झांसा देकर शिकार बनाया है। शिकायत पर थाना साइबर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। जीवन नगर निवासी दिलीप ने बताया कि कुछ दिन पहले ही उन्होंने किराए की पेंट की दुकान खोली थी।

### जल्द समाधान नहीं तो काम बंद का ऐलान

**सोनीपत।** निगम में ठेका सफाई कर्मचारी एकता मंच, मूलनिवासी कर्मचारी कल्याण महासंघ और सहयोग बलि सेना के तत्वावधान में जारी धरना मंगलवार को 21वें दिन में प्रवेश कर गया। धरने की अध्यक्षता प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मुकेश कर्मा ने की, जबकि संचालन अनिल कोषाध्यक्ष ने किया। मुकेश कर्मा ने बताया कि हटाए गए सफाई कर्मचारियों की हड़ताल को 21 दिन हो चुके हैं, लेकिन अब तक किसी निगम अधिकारी ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया है।

### जमीन बेचने के नाम पर ठगी करने वाली महिला गिरफ्तार

**सोनीपत।** थाना सदर सोनीपत पुलिस ने जमीन बेचने के नाम पर लगभग ढाई लाख रुपये की ठगी करने के आरोप में एक महिला को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार रोपित महिला जिला सोनीपत की निवासी है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता रणबीर निवासी खेवड़ा ने 31 जनवरी 2025 को थाने में शिकायत देकर बताया था कि वर्ष 2022 में उसकी जानकार एक महिला ने उसे बैयांपुर खुर्द में 65 वर्ग गज का एक प्लॉट बेचने की बात कही थी।

### तीन पार्षद सहित छह को भेजा मानहानि का नोटिस

**खरखौदा।** सांपला मार्ग निवासी युवक ने नपा के 3 पार्षदों व तीन पार्षदों के पतियों पर उनकी छवि खराब करने व उनकी प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने के आरोप लगाते हुए एडवोकेट सुमित कौशिक के माध्यम से नोटिस भेजे हैं। जिससे पार्षदों में हड़कंप मच है। कौशिक ने बताया कि उनके क्लाइंट राजेंद्र उर्फ बिट्टू को पार्षद परेशान कर रहे थे। प्रोपर्टी में पार्षद व प्रतिनिधि जेसीबी व पुलिस साथ लेकर गए, पैमाइश का बहाना बनाया। क्लाइंट ने कहा कि पैमाइश करानी है तो कोर्ट के माध्यम से कराई जाए।

### पिस्तौल के बल पर ठेके से पैसे लूटने वाला दबोचा

**सोनीपत।** थाना बहालगढ़ पुलिस टीम ने शराब के ठेके से रुपये लूटने वाले गिरोह के दूसरे सदस्य को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान अंकित निवासी गांव रुखी, जिला सोनीपत के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

### सरकारी कार्य में बाधा डालने का आरोपी काबू

**सोनीपत।** थाना बहालगढ़ की पुलिस ने पुलिस कर्मियों के खिलाफ बल का प्रयोग कर सरकारी कार्य में बाधा डालने व पुलिस कर्मचारियो के साथ मारपीट करने की घटना मे संलिप्त महिला समेत दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। अपेक्स ग्रीन सोसाइटी निवासी महेश ने गत 20 को थाना बहालगढ़ मे साथ हुई मारपीट के सम्बन्ध में शिकायत देने पर जो पुलिस टीम सोसायटी के व्यक्तियो की मौजूदगी में यतेन्द्र के फ्लैट पर पहुंची तो वहां यतेन्द्र पत्नी के साथ बाहर आते ही पुलिस टीम व्यक्तियों को गालियां देनी शुरु कर दी।

### बच्चों को मिठाई ग्रीन पटाखे वितरित किए

**सोनीपत।** पुलिस आयुक्त ममता सिंह ने वन स्टॉप सेंटर, एटलस रोड में बच्चों के साथ दिवाली का त्योहार मनाया। पुलिस आयुक्त ने बच्चों को मिठाइयां खिलाई और ग्रीन पटाखे वितरित किए। उन्होंने बच्चों को सुरक्षित, स्वच्छ और प्रदूषण रहित दीपावली मनाने का संदेश दिया। ममता सिंह ने कहा कि दिवाली प्रेम, प्रकाश और सकारात्मक ऊर्जा का पर्व है।

### जरूरतमंद परिवारों को मिठाई वितरित कर पर्व की खुशियां साझा की

# दिवाली का पर्व धूमधाम से मनाया मां लक्ष्मी-गणेश की पूजा अर्चना

### मां लक्ष्मी से घरों में धन-धान्य की वृद्धि का आशीर्वाद मांगा

**दीपावली के अवसर पर बाजारों में दिनभर रौनक बनी रही**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

दीपावली का पर्व क्षेत्र में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। गांव व शहर की गलियां, बाजार और घर दीपों की जगमग रोशनी से नजर आए। लोगों ने अपने घरों की सफाई कर सजावट की और शाम होते ही दीप, मोमबत्तियों और रंग-बिरंगी लाइटों से अपने घरों को सजाया। दीपावली की संध्या पर नगरभर में मां लक्ष्मी, भगवान गणेश और इष्ट देवताओं की पूजा-अर्चना की गई। लोगों ने सुख, समृद्धि और स्वास्थ्य की कामना के साथ मां लक्ष्मी से अपने घरों में धन-धान्य की वृद्धि का आशीर्वाद मांगा। गन्नौर के प्रमुख मंदिर प्राचीन शिव मंदिर और श्री राधा कृष्ण मंदिर गढ़ी केसरी में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। मंदिरों को फूलों की झालरों और रोशनी से सजाया गया था। दीपावली के अवसर पर बाजारों में दिनभर रौनक बनी रही। मिठाई, दीये, पूजा सामग्री और आतिशबाजी की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ रही। बच्चों ने रातभर आतिशबाजी कर त्योहार का आनंद लिया। वहीं सामाजिक संस्थाओं ने सफाई कर्मचारियों व जरूरतमंद परिवारों को मिठाई वितरित कर दीपावली की खुशियां साझा कीं।शहर को दीपावली पर लाइट और लड़ियों से सजाया गया: दीपावली के पावन पर्व पर गन्नौर शहर का नजारा इस बार बेहद खास रहा। क्षेत्र के विधायक देवेंद्र कादियान ने बताया कि शहर को रंग-बिरंगी लाइटों और सजावटी लड़ियों से सजा दिया गया था । पूरा गन्नौर उत्सव की रौनक से भर उठा। नगर पालिका की ओर से शहर के प्रमुख मार्गों पर एलईडी लाइटें लगाई गईं, ताकि लोग त्योहार को स्वच्छ और सुंदर माहौल में मना सकें।



गोहाना। दीये जलाते हुए गुरु और शिष्य। फोटो : हरिभूमि



गन्नौर। दीपावली पर्व पर रंग-बिरंगी लाइटों से सजा गन्नौर। फोटो :हरिभूमि

### 3551 दीयों से स्कूल रोशन

**गोहाना।** गीता विद्या मंदिर गोहाना में दीपावली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय को मिट्टी के स्वदेशी 3551 दीयों के प्रकाश से रोशन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य अश्विनी कुमार ने किया। गुरु और शिष्यों ने भगवान राम, माता सीता, लक्ष्मण और सेवक हनुमान की पूजा-अर्चना की। इस आयोजन में विद्यालय के शिक्षक और विद्यार्थियों का विशेष सहयोग रहा।

## देश के विकास के लिए स्वदेशी वस्तुएं ही खरीदें



गोहाना। दीपावली मेले में अपने शिक्षकों संग रंगोली प्रदर्शित करते विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

### स्वदेशी दीपावली मेला : विद्यार्थियों ने सजाई सुंदर वस्तुएं

- रंगोली में शिवम प्रथम व सुन्दरम सदन द्वितीय

गोहाना। गांव बिचपड़ी में सफीदों मार्ग स्थित सरस्वती स्कूल में मंगलवार को स्वदेशी दीपावली मेला आयोजित किया । मेले में विद्यार्थियों ने स्वदेशी वस्तुओं व स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल लगाए। मार्गदर्शन स्कूल के प्राचार्य आशीष गोयल का रहा। अध्यक्षता उप प्राचार्या रितिका गर्ग ने की। मेले में रंगोली और कक्षा सज्जा प्रतियोगिताएं भी करवाई गई। स्वदेशी दीपावली मेले में विद्यार्थियों ने फूलों से बनी स्वदेशी लडिय़ां और मिट्टी के दीयों के अलावा स्वदेशी स्वादिष्ट व्यंजनों में हलवा, खीर, चूरमा, मालपुए और घर की बनाई गई मिठाइयों के स्टॉल लगाए। दीपावली मेले में रंगोली और कक्षा सज्जा प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। प्रतियोगिताओं में शिवम सदन ने प्रथम और सुन्दरम सदन से द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मेले में विद्यार्थियों ने रिंग गेम, निशानेबाजी और ट्रेन मैच गेम सहित अन्य रोचक खेल भी खेले। उप प्राचार्या रितिका गर्ग ने कहा कि हमें अपने देश के विकास के लिए स्वदेशी वस्तुएं ही खरीदनी चाहिए।

### रन फॉर यूनिटी की तैयारियों को लेकर बैठक

**सोनीपत।** 31 अक्टूबर को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में प्रदेश के सभी जिलों में आयोजित रन फॉर यूनिटी की तैयारियों को लेकर सोमवार को मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरूण कुमार गुप्ता ने विडियों कांफ्रेंस के माध्यम से सभी उपायुक्तयों के साथ बैठक कर उन्हें जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि फतेहाबाद में आयोजित रन फॉर यूनिटी में मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी व अन्य सभी जिला में प्रदेश के जन प्रतिनिधि भाग लेंगे। वीसी के पश्चात उपायुक्त सुशील सारवान ने अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें निर्देश देते कहा कि रन फॉर यूनिटी का उद्देश्य देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रीय एकजुटता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए जिला के सभी खिलाड़ियों, युवाओं तथा सभी सामाजिक व धार्मिक संगठनों से जुडे लोगों को शामिल किया जाए। उन्होंने सीटीएम व डीईओ को निर्देश दिए कि रन फॉर यूनिटी का आयोजन 31 अक्टूबर को सुबह 07 बजे किया जाएगा इसलिए स्थान व रूट का चयन करना सुनिश्चित करें।



सोनीपत। बैठक के दौरान उपस्थित अधिकारीगण। फोटो :हरिभूमि



गन्नौर। फैक्ट्री के गेट के सामने फैंके गए सोन पापड़ी के डिब्बे।

### सोन पापड़ी गिफ्ट से भड़के फैक्ट्री कर्मी

**गन्नौर।** दिवाली के मौके पर बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में एक फैक्ट्री से जुड़ा वीडियो इंटरनेट मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि फैक्ट्री प्रबंधन की ओर से कर्मचारियों को उपहार के रूप में सोन पापड़ी के डिब्बे दिए गए। जिसके बाद कर्मचारियों में नाराज हो गए। वीडियो में कई कर्मचारी फैक्ट्री के गेट से बाहर निकलते ही सोन पापड़ी के डिब्बे फैक्ट्री के गेट पर फेंकते नजर आ रहे हैं। घटना बड़ी औद्योगिक क्षेत्र की बताई जा रही है, हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हुई। फैक्ट्री का नाम और उसकी सटीक पहचान भी सामने नहीं आई है। वीडियो के इंटरनेट मीडिया पर वायरल होते ही क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है।

### गढ़ी झंझारा रोड पर फिर भरा दूषित पानी

**गन्नौर।** गढ़ी झंझारा रोड पर फिर से दूषित पानी जमा होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि गढ़ी झंझारा रोड पर सीवर समस्या व जल निकासी की समस्या यथावत है जो लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। कालोनी की गलियों में दूषित पानी की निकासी सड़क के साथ लगते नाले में होती हैं। इस नाले में खेड़ी के रोड की कालोनियों से आ रहा दूषित पानी भी गिरता है। नाले से पानी को जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा मोटरों के माध्यम से अगवानपुर रोड स्थित ट्रीटमेंट प्लांट तक पहुंचाया जाता है। कई बार नाले में गंदगी फस जाती है तो तकनीकी खामियों की वजह से मोटर बंद पड़ने के कारण की निकासी रुक जाती है और नाला ओवरफ्लो हा जाता है। जिससे सड़क पर पानी जमा हो जाता है। इस कारण साथ लगती गलियों में भी नालियां ओवरफ्लो हो जाती हैं और गलियों में दूषित पानी जमा होने लगता है। जिसके बाद लोगों को गलियों में निकलना भी दुश्वार हो जाता है। सड़क से गुजरने वाले वाहन चालकों को भी परेशानी हो रही है।



गन्नौर। दूषित पानी से भरा गढ़ी झंझारा रोड। फोटो :हरिभूमि



खरखौदा। लोगों को प्रवचन देते स्वामी शांतानंद सरस्वती।

### भगवान राम के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

**खरखौदा।** दीपावली के पावन पर्व के उपलक्ष में गुरुकुल बरोणा में महायज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ में ब्रह्मा के रूप में स्वामी शांतानंद सरस्वती सुंदरपुर से पधारे। इस हवन में आसपास के क्षेत्र के अनेक व्यक्तियों ने हवन में आहुति डालकर पर्व मनाया। उन्होंने भगवान श्री राम के गुणों को धारण करके उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। हवन उपरांत आचार्य प्रदीप ने बताया कि जिस प्रकार भगवान श्री राम अपने जीवन में सदा मर्यादा में रहे, इसी प्रकार हमें भी नियमों में रहकर अपने जीवन में उन्नति करनी चाहिए, यही भगवान श्री राम की सच्ची भक्ति होगी। इस अवसर पर गुरुकुल पदाधिकारी एवं क्षेत्रवासी मौजूद रहे।



गोहाना। ट्रेनों में सामान की तलाशी लेते जीआरपी अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### जीआरपी ने ट्रेनों में सामान की जांच की

**गोहाना।** दीवाली पर सुरक्षा के मद्देनजर रविवार को जीआरपी गोहाना की टीम ने ट्रेनों में सामान की जांच की। यात्रियों को सुरक्षित सफर और साइबर अपराध से बचाव के लिए भी जागरूक किया। जीआरपी चौकी प्रभारी बलवान सिंह ने यात्रियों से कहा कि वे सफर के दौरान किसी से खाने व पीने की कोई चीज न लें। उनमें नशीला या जहरीला पदार्थ हो सकता है। सफर करते समय ट्रेन या रेलवे स्टेशन पर लावारिस सामान नजर आने पर उसक बारे में पुलिस को सूचना दें। इसके साथ में यात्रियों को साइबर अपराध से बचाव के लिए जागरूक करते हुए बताया कि किसी से अपनी जानकारी साझा न करें और ओटीपी न बताएं। ईमेल आईडी व दूसरी प्लेटफार्म की आईडी के पासवर्ड अलग-अलग रखें। इस मौके पर उप निरीक्षक भूपेंद्र, सहायक उप निरीक्षक तस्वीर व हवलदार सुमन रहे।

## मटिंडू चौक से बाईपास तक खरखौदा की सभी बस्तियां पेयजल के लिए तरस रही

- करीब 10 बस्तियों में पेयजल आपूर्ति चार दिन से बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

कर्मचारियों व ठेकेदारों में आपसी तालमेल का खामियाजा खरखौदा की जनता को भुगतना पड़ रहा है। हालत यह हो गई है कि मटिंडू मार्ग पर करीब 10 बस्तियों में पेयजल आपूर्ति चार दिन से बंद है। जन स्वास्थ्य विभाग की एसडीओ सुदेश कुमारी के आदेश मानने से इनकार कर दिया है। जिसके कारण अब पेयजल आपूर्ति और रखरखाव ठेकेदारों के हाथों में आ गया है। जिसे वे समय पर पूरा नहीं कर पा रहे हैं। एसडीओ का कहना है कि लापरवाह कर्मचारियों और ठेकेदारों की शिकायत वरिष्ठ अधकारियों को दी जा रही है, लेकिन कोई ठोस एक्शन नहीं हो रहा । पिछले एक महीने में दो बार पेयजल सप्लाई ठप्प हो चुकी है। कालोनी वासी विधायक पवन खरखौदा और एसडीएम डा. निर्मल नागर को शिकायत कर रहे हैं। लेकिन सकारात्मक कार्रवाई नहीं हो रही है। जिसके चलते सरकार की लाखों रुपए की ग्रांट बर्बाद हो रही है। जन स्वास्थ्य विभाग में लापरवाही लगातार बढ़ रही है। अधिकारियों व कर्मचारियों ने तो लोगों के फोन ही उठाने बंद कर दिए हैं।

### विधायक की फटकार का असर नहीं

खरखौदा में जन स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा उपभोक्ताओं की अनदेखी तो पिछले काफी समय से जारी हैं, लेकिन अब विधायक पवन खरखौदा की फटकार का भी इन पर कोई असर नहीं हो रहा है। मटिंडू मार्ग पर पेयजल सप्लाई लगातर बाधित है और विभाग के कर्मचारी एवं ठेकेदारो को कोई परवाह नहीं है। लोगों को पानी खरीदकर पीना पड़ रहा है। दीपावली के अवसर पर तीन दिन पानी की सप्लाई न होने से घरों की सफाई भी इस बार प्रभावित हुई है। लोगों को पानी की व्यवस्था अपने खर्च पर करनी पड़ रही है। तीन-चार दिनों से पेयजल सप्लाई बाधित रहना चिंताजनक है, जिन कारणों से खरखौदा में पेजयल सप्लाई बाधित चल रही है, उनका पता करके निवारण कराया जाएगा। लापरवाही बरतने वालों पर तुरंत एक्शन लिया जाएगा। खरखौदा शहर की पेयजल सप्लाई का जांच करवाकर पूरी व्यवस्था ठीक करवाई जाएगी।-*दलबीर सिंह, एस.ई जनस्वास्थ्य विभाग, सोनीपत।*



गोहाना। रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते अतिथि एवं आयोजक। फोटो : हरिभूमि

### शिविर में 50 नागरिकों ने किया रक्तदान

**गोहाना।** भागराम ट्रस्ट द्वारा शहर में सोनीपत मार्ग टी-प्वाइंट स्थित भगवान परशुराम चौक में अपना सप्ताहिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। मार्गदर्शन ट्रस्ट के संयोजक एवं स्टार रक्तदाता सुरेंद्र विश्वास का रहा। मुख्य अतिथि राजकुमार बावा ने कहा कि रक्तदान समाजसेवा का एक सशक्त माध्यम है। हमें दूसरों की जान बचाने के लिए रक्तदान अवश्य करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि नवीन मल्होत्रा और सुमित सहगल थे। शिविर की अध्यक्षता ट्रस्ट की अध्यक्ष उषा गगनेजा ने की। संयोजन सतीश सैनी ने किया। शिविर में विशेष रक्तदाताओं में पिता-पुत्री सुनील कुमार व साक्षी, पिता-पुत्र अशोक कुमार व शिवम और शिक्षक मंगलसेन ने रक्तदान का पुण्य कमाया। नियमित रक्तदाताओं में अनुराग, गौरव, राहुल, रामनिवास, अनिल, शमशेर, सुनील, रविंद्र, सोहित, मोनू शर्मा, सोनू, अमित, नरेंद्र और सुमन ने रक्तदान किया। रोहित, आयुष, सोनू और आशीष ने पहली बार रक्तदान का खाता खोला।

### 1 करोड़ 85 लाख की लागत से बिटुमिन्यस लेयर बिछाई जाएगी

# पीपली खेड़ा से पबनेरा तक सड़क निर्माण कार्य शुरु

**सड़क के दोनों किनारों पर बनी फैक्ट्रियों के बाहर अवैध रैंप को भी हटाया जाएगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

पीपली खेड़ा गांव से पबनेरा गांव तक की सड़क पर लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने बिटुमिन्यस लेयर बिछाने का कार्य प्रारंभ कर दिया है। 1. 85 करोड़ से सड़क पूरी तरह से पुनर्निर्मित की जाएगी। काम पूरा होने के बाद आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी। पीडब्ल्यूडी विभाग के एसडीओ अनिल ने बताया कि इस परियोजना के तहत सड़क की ऊपरी परत पर उच्च गुणवत्ता वाली बिटुमिन्यस लेयर डाली जा रही है।



पीपली खेड़ा गांव के पास सड़क पर बिंटुमिन्यस लेयर बेचने का काम करते हुए ।

### गुणवत्ता पर विशेष ध्यान

एसडीओ ने बताया कि निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरा किया जाएगा और गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कार्य पूरा होने के बाद यह मार्ग पीपली खेड़ा, पबनेरा और आसपास के गांवों को जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग बन जाएगा, जिससे स्थानीय विकास को भी नई दिशा मिलेगी। ज्ञात रहे कि सड़क की स्थिति खराब थी, जिससे लोगों को आवागमन में कठिनाई होती थी। अब सड़क के बनने से क्षेत्र के किसानों, स्कूल जाने वाले बच्चों और राहत मिलेगी।

### जल निकासी की उचित व्यवस्था हो

जिससे सड़क की मजबूती होगी । सड़क एवं भवन निर्माण विभाग के एसडीओ ने जानकारी देते हुए बताया कि निर्माण कार्य पूरी तकनीकी मानकों के अनुसार किया जा रहा है ताकि सड़क लंबे समय तक सुचारू बनी रहे। उन्होंने बताया कि सड़क के दोनों किनारों पर बनी फैक्ट्रियों के बाहर बने अवैध रैंप को भी हटाया जाएगा कि फैक्ट्री परिसर से निकलने वाला पानी सड़क पर जमा न हो और यातायात में किसी प्रकार की बाधा न आए। सड़क एवं भवन निर्माण विभाग के एसडीओ ने जानकारी देते हुए बताया कि निर्माण कार्य पूरी तकनीकी मानकों के अनुसार किया जा रहा है ताकि सड़क लंबे समय तक सुचारू बनी रहे। साथ ही, जल निकासी की उचित व्यवस्था की जा रही है ताकि बरसात के समय सड़क पर जलभराव की समस्या न हो।



गोहाना। भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते नागरिक।

### भगवान विश्वकर्मा को किया नमन

**गोहाना।** शहर में महम रोड स्थित भगवान विश्वकर्मा चौक में मंगलवार को विश्वकर्मा जयंती मनाई गई। समारोह में नागरिकों ने भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। मुख्य अतिथि गोहाना नगर परिषद अध्यक्ष रजनी विरमानी के पति एवं समाजसेवी इंद्रजीत विरमानी ने कहा भगवान विश्वकर्मा निर्माण एवं सृजन के देवता माने जाते हैं। मान्यता है कि भगवान विश्वकर्मा ने इंद्रपुरी, द्वारिका, हस्तिनापुर, स्वर्गलोक व लंका का निर्माण किया था। जयंती समारोह की अध्यक्षता अखिल भारतीय विश्वकर्मा पांचाल महासभा गोहाना हलका के महासचिव मुख्तार सिंह डांगी ने की। उन्होंने कहा भगवान विश्वकर्मा जी ने देवताओं और मनुष्यों के लिए विभिन्न प्रकार के हथियार, भवन, आभूषण और अन्य दैनिक उपयोग की वस्तुएं भी बनाई। भगवान शिव का त्रिशूल, विष्णु का सुदर्शन चक्र, इंद्र का वज्र तथा जगन्नाथ पुरी का मंदिर भी उन्होंने ही बनाया था। इस मौके पर राजेश पांचाल, अशोक पांचाल, जय भगवान पांचाल, रामपाल जांगड़ा, गुणपाल कश्यप, जगदीश पांचाल, उमेद पांचाल, नरेश, मनफूल, सोमपाल, रघुवीर, सुभाष व अरविंद दांगी विशेष रूप से मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में युवक की मौत, एक घायल

**खरखौदा।** झरोठ गांव के फ्लाईओवर पर कार व बाइक में टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार अमित सोनीपत की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साला रविराज निवासी मोलनापुर, महल आजमगढ़ (उत्तर प्रदेश) गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को राहगीरों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। रविराज ने बताया कि यह हादसा एक कार द्वारा मोटरसाइकिल को पीछे से टक्कर मारने के कारण हुआ है।

### खेत में करंट लगने से श्रमिक की मौत

**गोहाना।** गांव मुंडलाना में खेत में करंट लगने से श्रमिक की मौत हो गई। सुबह किसान खेत में मृत मिला। सदर थाना पुलिस ने नागरिक अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया। किसान गजेंद्र ने खेत में कमरा बना रखा है और वहां पर ट्यूबवेल पर बिजली का कनेक्शन लिया गया है। नजदीक में ट्रांसफार्मर लगा है। कमरे पर उप्र में लखीमपुर के गांव कलीनपुर का रघुभान रहता था और खेत में काम करता था। वह सोमवार रात को ट्रांसफार्मर के पास गया तो करंट लग गया और उसकी मौत हो गई।

### बुच्चेश्वर मंदिर में आज से शुरू होगी भागवत कथा

**खरखौदा।** समाज सेवी पवन कौशिक ने बताया कि खरखौदा के बुच्चेश्वर मंदिर में 22 अक्टूबर बुधवार से श्रीमद भागवत सप्ताह कथा ज्ञान यज्ञ समारोह 29 तक चलेगा। पहले दिन शहर में कलश यात्रा निकाली जाएगी। जो बुच्चेश्वर मंदिर से शुरू होकर शहर से गुजरती हुई कथा स्थल तक पहुंचेगी। इस कथा का वाचन डा. विष्णु दत्त गौड़ करेंगे। 29 अक्टूबर को हवन यज्ञ व देशी घी के भंडारे के साथ श्रीमद भागवत कथा सप्ताह का समापन होगा।

### कन्या महाविद्यालय के कर्मियों का अटका वेतन

**खरखौदा।** कन्या महाविद्यालय खरखौदा के सरकारी करने की मांग स्वीकारते हुए राज्य सरकार ने इसे सरकारी कालेज का दर्जा दे दिया है। स्टाफ को सरकारी पैनल पर करने की कार्रवाई भी शुरू हो चुकी है। लेकिन इस कार्रवाई में खरखौदा कन्या महाविद्यालय के कर्मचारियों का वेतन अटक गया है। प्रिंसिपल तराना नेगी ने बताया कि वेतन संबंधी जो भी विवरण निदेशालय ने मांगा था, भेजा जा चुका है। स्टाफ की वैरीफिकेशन का काम चला है। निदेशालय निर्देशानुसार वेतन आएगा सभी को वेतन उपलब्ध कराया जाएगा।

## सुबह से ही आसमान में छाई रही धुएं की चादर

# आतिशबाजी से सोनीपत की हवा गंभीर श्रेणी में, एक्यूआई 400 पार

### दीपावली की चमक पर भारी पड़ा धुएं का साया

> निर्धारित समय सीमा रात को 8 से 10 बजे तक में ही ग्रीन पटाखे चलाने पर छूट दी गई थी, परंतु दिवाली की खुशियों के सामने तमाम आदेश धता साबित हो गए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

दीपावली की जगमग रोशनी के साथ इस बार प्रदूषण का अंधेरा भी शहर पर हावी हो गया। सोमवार रात से मंगलवार सुबह तक हुई तेज आतिशबाजी ने सोनीपत की हवा को जहरीला बना दिया। दीपावली से पहले जहां शहर का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 150 से 200 के बीच था, वहीं मंगलवार को यह 287 तक पहुंच गया। रात के समय कुछ इलाकों में एक्यूआई 400 के पार चला गया, जो 'गंभीर श्रेणी' में आता है। मंगलवार सुबह जब लोग नींद से जागे तो शहर धुएं और धुंध की मोटी परत में ढका हुआ नजर आया। हवा की गति बेहद धीमी रहने के कारण प्रदूषक तत्व वातावरण में ही जमे रह गए। सुबह से लेकर शाम तक हवा तीन किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चली, जिससे प्रदूषण घटने के बजाय और बढ़ गया। सांस लेने में तकलीफ, आंखों में जलन, सिरदर्द और गले में खराश जैसी दिक्कतें लोगों को सताने लगीं। नागरिक अस्पताल में भी सांस और एलर्जी की शिकायत लेकर पहुंचे मरीजों की संख्या बढ़ गई।

### आने वाले दिनों में प्रदूषण का स्तर और बढ़ सकता है

विशेषज्ञों का कहना है कि अगर नागरिक सावधानी नहीं बरतते और आतिशबाजी जैसी गतिविधियां जारी रहती हैं तो आने वाले दिनों में वायु प्रदूषण का स्तर और खतरनाक हो सकता है। दीपावली की जगमगाहट भले ही बीत गई हो, लेकिन उसके धुएं का असर अभी कुछ दिनों तक शहर की हवा में महसूस किया जाएगा।



**सोनीपत।** मंगलवार को जिले में आसमान में छाई धुंध और धुआं। दीपावली पर यूं आसमान में हुई जमकर आतिशबाजी। *फोटो : हरिभूमि*

### शोर में डूबे नियम, करोड़ों के पटाखे फूटे

प्रशासन ने दीपावली पर निर्धारित समयावधि में ही आतिशबाजी की अनुमति दी थी, लेकिन नियमों की खुली अवहेलना हुई। देर रात तक शहर से लेकर गांवों तक आसमान पटाखों के धमाकों से गूंजता रहा। जानकारों के अनुसार, दो दिनों में जिलेभर में करोड़ों रुपये के पटाखे फोड़े गए, जिनका धुआं हवा में घुलकर प्रदूषण का स्तर बढ़ाने का बड़ा कारण बना।

### हल्की बूंदाबांदी से थोड़ी राहत, पर अस्थायी

कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के असर से मंगलवार देर शाम हल्की बूंदाबांदी हुई, जिससे लोगों को कुछ देर के लिए राहत मिली। कृषि विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉ. प्रेमदीप ने बताया कि हवा की धीमी गति के कारण फिलहाल बड़ी राहत की उम्मीद नहीं है। 24 घंटे में बारिश होती है तो वायु गुणवत्ता में सुधार हो सकता है। मंगलवार देर शाम बादल छाए रहने से फिर से हल्की बारिश की संभावना बनी है।

### प्रदूषण नियंत्रण के लिए विशेष टीमें गठित

प्रदूषण नियंत्रण के लिए विशेष टीमें गठित की गई हैं। खुले में कचरा या पराली जलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। लोगों से अपील है कि निजी वाहनों की बजाय सार्वजनिक परिवहन का प्रयोग करें और पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें।
सुशील सारवान -उपायुक्त सोनीपत

### प्रदूषण पर रोक के लिए लागू हुआ ग्रैप-2

वायु प्रदूषण के बढ़ते स्तर को देखते हुए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप)-2 लागू कर दिया गया है। इसके तहत धूल फैलाने वाले निर्माण कार्यों पर रोक, बीएस-4 डीजल वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध, डीजल जनरेटरों के संचालन पर रोक और खुले में कचरा या पत्तियां जलाने पर पूर्ण पाबंदी लगाई गई है।

# शहीदों की कुर्बानी को देश कभी नहीं भुला सकता: पुलिस आयुक्त



**सोनीपत।** शहीदी दिवस पर पुष्प अर्पित करते हुए सीपी। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

पुलिस आयुक्त (सीपी) एडीजीपी ममता सिंह ने कहा कि कोई भी देशवासी शहीदों की कुर्बानी को कभी भुला नहीं सकता। देश के जवानों की बहादुरी और समर्पण की बदौलत ही हमारी सीमाएं सुरक्षित हैं और हम शांति से जीवन जी पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शहीदों को धर्म, जाति या क्षेत्र में नहीं बांटा जा सकता, बल्कि सभी नागरिकों को उनके प्रति सम्मान और कृतज्ञता की भावना रखनी चाहिए। सीपी ममता सिंह मंगलवार को पुलिस लाइन सोनीपत में आयोजित पुलिस शहीदी स्मृति दिवस एवं पुलिस झंडा दिवस कार्यक्रम में बोल रही थीं। यह दिवस उन पुलिसकर्मियों की याद में मनाया जाता है, जिन्होंने अपने कर्तव्य पालन के दौरान देश की सेवा में प्राणों की आहुति दी। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी और एक-दूसरे की वर्दी पर पुलिस झंडा लगाकर पुलिस झंडा दिवस मनाया। ममता सिंह ने कहा कि 21 अक्टूबर 1959 को लद्दाख के हॉट स्प्रिंग में चीन के सैनिकों के हमले का मुकाबला करते हुए सीआरपीएफ के 10 जवान शहीद हुए थे। तभी से हर वर्ष 21 अक्टूबर को पुलिस शहीदी स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम उनके पदचिन्हों पर चलकर देश की रक्षा और सेवा करें।

### परिजनों को सम्मानित किया

कार्यक्रम के दौरान शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डीसीपी मुख्यालय व पूर्वी जोन प्रबीना पी, डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादयान, डीसीपी पश्चिमी जोन कुशल पाल सिंह, डीसीपी गोहाना भारती डबास सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। सहायक पुलिस आयुक्त (मुख्यालय) अजीत सिंह ने बताया कि वर्ष 2024-25 के दौरान देशभर में 191 पुलिस जवान कर्तव्य पालन करते हुए शहीद हुए है। अब तक सोनीपत पुलिस के 14 जवान भी अपने कर्तव्य पालन के दौरान देश के लिए बलिदान दे चुके है।

# कबड्डी: धनाना की टीम ने कब्जाई दो ट्राफी

■ प्रतियोगिता में लड़के और लड़कियों के मुकाबले शिवनगरी धनाना ने जीते

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गोहाना

शिवनगरी धनाना स्थित व्यायामशाला एवं शहीद कप्तान सिंह खेल स्टेडियम में दूसरी नेशनल स्टाइल कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में विभिन्न क्षेत्रों से मेधावी खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा प्रदर्शित की। प्रतियोगिता में लडक़े और लड़कियों के वर्ग में शिवनगरी धनाना की टीम विजेता रही और दो ट्रॉफियों पर कब्जा कर लिया। कबड्डी में लडक़ों के वर्ग में 41 किलोग्राम भारवर्ग के मुकाबले में शिवनगरी धनाना की टीम ने प्रथम, गांव भैणी भैरो की टीम ने द्वितीय और नारनौंद की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

जिला जींद के गांव हथवाला की टीम चतुर्थ स्थान पर रही। 35 किलोग्राम भारवर्ग में नारनौंद की टीम विजेता बनी। गांव हथवाला की टीम ने द्वितीय और गांव धनाना की टीम ने तृतीय स्थान पाया। गांव बिचपड़ी की टीम चतुर्थ स्थान पर रही। लड़कियों के वर्ग में 37 किलोग्राम भारवर्ग में गांव धनाना की टीम प्रथम, गांव भावड़ की टीम द्वितीय और गांव दोरड़ की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। डीपी रविंद्र गांव भैणी भैरो। मुख्य अतिथि हलका के विधायक इंदुराज नरवाल, कयाकिंग एंड कैनोइंग एसोसिएशन हरियाणा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पं. अनिल धनाना, जिला पार्षद तकदीर नरवाल और पंचायत समिति कथूरा के चेयरमैन प्रतिनिधि प्रदीप मलिक रहे।



**गोहाना।** विजेता एवं उप विजेता टीमों के खिलाड़ी अतिथियों एवं ग्रामीणों के साथ।

### टीमों को किया सम्मानित

विजेताओं को दादा बालसिंह परिवार, पहलवान वजीर सिंह, पंचायत समिति कथूरा के उप चेयरमैन प्रतिनिधि सतीश उर्फ नान्हा ढुल, शिवनगरी धनाना के सरपंच प्रतिनिधि अनिल जाटायन, सोमबीर उर्फ काला जाटायन, नेशा डोडू, बिजेंद्र राठी लाखनमाजरा और दलबीर जाटायन ने सम्मानित किया और अपना विशेष सहयोग दिया। इस अवसर पर डीपीई रविंद्र भैणी भैरो, योग सहायक सुनील, अनिल ढुल और सोनू नंबरदार मौजूद रहे।

# श्री अग्रसेन धाम में बनेगा 31 फुट ऊंचा गोवर्धन महाराज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राई

■ पूरे सप्ताह धार्मिक अनुष्ठान, भजन संध्या और भंडारे का आयोजन

कुंडली स्थित श्री अग्रसेन धाम में इस बार गोवर्धन पूजा का आयोजन विशेष आकर्षण का केंद्र बनने जा रहा है। यहां 51 सौ किलो गाय के शुद्ध गोबर से 31 फुट ऊंचे गोवर्धन महाराज की भव्य प्रतिमा तैयार की गई है। श्री अग्रसेन धाम संस्था के उपाध्यक्ष अतुल सिंघल ने बताया कि गोवर्धन पूजा महोत्सव का शुभारंभ 22 अक्टूबर को अन्नकूट भंडारे के साथ किया जाएगा, जो 28 अक्टूबर तक चलेगा। पूरे सप्ताह धार्मिक अनुष्ठान, भजन संध्या और भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न प्रकार की व्यवस्थाएं की जा रही हैं ताकि वे सहज रूप से पूजा-अर्चना में भाग ले सकें।



**राई।** धाम में 51 सौ किलो गाय के शुद्ध गोबर से 31 फुट ऊंचे गोवर्धन महाराज की तैयार की गई भव्य प्रतिमा। *फोटो : हरिभूमि*

# गोहाना: गोदाम में लगी आग

**गोहाना।** शहर में बरोदा रोड स्थित इंद्रगढ़ी कालोनी में चारपाई के सामान के गोदाम में मंगलवार सुबह आग लग गई। आग लगने के चलते गोदाम में रखी काफी चारपाइयां, बांस, निवार व अन्य सामान जलकर राख हो गया। दमकल विभाग की टीम ने आग पर काबू पाया। इंद्र गढ़ी कालोनी के सुरेश कुमार चारपाई तैयार करते हैं और उन्होंने गली दो में प्लाट में गोदाम बना रखा है। वहां पर तैयार की गई काफी चारपाइयां और अन्य सामान रखा हुआ था। सुबह लगभग चार-पांच बजे गोदाम में रखे सामान में आग लग गई। आग तेजी से फैल गई। पड़ोसियों ने धुआं व आग की लपटें निकलती देखकर सुरेश कुमार को सूचना दी। इसके साथ में पुलिस और दमकल विभाग के केंद्र में भी सूचना दी गई। दमकल विभाग की टीम फायरब्रिगेड की दो गाडि़यां लेकर पहुंची और आग पर काबू पाया। आग लगने के चलते तैयार चारपाइयां, बाण, बांस, निवार, पावे व अन्य समान जल गया। केंद्र के प्रभारी राजबीर सिंह ने बताया कि आग का कारण शार्ट-सर्किट बताया गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## नशीला पदार्थ सुंघाकर लूट की वारदात

# बेसुध व्यक्ति की सोने की अंगूठी ले गए बदमाश

**सोनीपत।** शहर में एक बार फिर नशीला पदार्थ सुंघाकर लूट की वारदात सामने आई है। गोहाना रोड पर देर शाम टहलने निकले व्यक्ति को स्कूटी सवार तीन युवकों ने बातों में उलझाकर बेहोश कर दिया और उसकी सोने की अंगूठी लूटकर फरार हो गए। वारदात के बाद थाना शहर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। जानकारी के अनुसार, मलिक कॉलोनी निवासी सुरेश रोजाना शाम को टहलने के लिए घर से निकलते हैं। सोमवार शाम भी वह गोहाना रोड की ओर गए थे।

इसी दौरान स्कूटी पर सवार तीन युवक उनके पास आए और वृद्ध आश्रम का रास्ता पूछने के बहाने बातचीत करने लगे। बातचीत के दौरान युवकों ने सुरेश को नशीला पदार्थ सुंघा दिया, जिससे वह कुछ ही पलों में बेसुध होकर गिर पड़े। जब उन्हें होश आया तो उनकी उंगली से सोने की अंगूठी गायब थी और आसपास कोई नहीं था। परिजनों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। थाना शहर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही बदमाशों की पहचान कर उन्हें काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## गाली-गलौज से रोकने पर भड़के

# स्क्रैप कारोबारी के गाड़ी चालकों पर हमला, तीन लोग घायल

**सोनीपत।** शहर को देवडू रोड पर स्थित एक स्क्रैप कारोबारी के गोदाम में मारपीट की बड़ी वारदात सामने आई है। बताया जा रहा है कि कुछ युवकों ने गोदाम के बाहर गाली-गलौज की, जिस पर पीड़ितों के साथी ने उन्हें रोकने की कोशिश की। इससे नाराज होकर युवक बाद में अपने 10-12 साथियों के साथ वहां पहुंचे और गाड़ी चालकों पर हमला कर दिया। आरोप है कि युवकों ने हॉकी, लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से हमला किया, जिससे तीन चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल चालकों को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हमला करने वाले युवक पहले गोदाम के पास गाली-गलौज कर रहे थे। जब स्क्रैप कारोबारी के एक कर्मचारी ने उन्हें टोका तो उन्होंने धमकी देते हुए वहां से चले गए। कुछ देर बाद वे अपने साथियों के साथ लौटे और गोदाम में घुसकर हमला कर दिया। पूरी वारदात गोदाम में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। पीड़ित ने मामले को लेकर संबंधित थाना पुलिस को शिकायत दी। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है। जल्द ही सभी हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## जिला स्तरीय कार्यकारी समिति की बैठक आयोजित

# पैडी स्ट्रॉ सप्लाई चेन स्थापित करने के लिए कृषि विभाग ने किया ड्रॉ

**सोनीपत।** जिले में फसल अवशेष प्रबंधन योजना के तहत एक पैडी स्ट्रॉ सप्लाई चैन स्थापित करने के लिए, मंगलवार को उपायुक्त सुशील सारवान की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कार्यकारी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में वर्ष 2025-26 के दौरान उद्योगों के लिए पैडी स्ट्रॉ सप्लाई चैन स्थापित करने हेतु चयन प्रक्रिया पूरी की गई। कृषि विभाग के अनुसार, विभागीय पोर्टल पर कुल 12 किसानों, किसान समूहों, एफपीओ, पंचायतों और ग्रामीण उद्यमियों ने इस योजना के तहत आवेदन किया था। इनमें से चार आवेदकों अमित गांव अटेरना, प्रदीप हसनपुर, सचिन पहल घुमड़ और मुरथल एग्रो वेस्ट एनर्जी मुरथल के दस्तावेज सही पाए गए।

### अटेरना का नाम प्रथम स्थान पर



विभाग द्वारा निर्धारित एक लक्ष्य के अनुसार रैंडमाइजेशन प्रक्रिया से चयन किया गया, जिसमें अमित, गांव अटेरना का नाम प्रथम स्थान पर आया। अब चयनित आवेदक का प्रस्ताव राज्य स्तरीय समिति को अनुमोदन के लिए भेजा जाएगा। मंजूरी मिलने के बाद किसान बेलर, ट्रॉली, रैक, ट्रैक्टर आदि मशीनें खरीदकर जिले में पैडी स्ट्रॉ सप्लाई चैन स्थापित करेगा। इस योजना के तहत केंद्र और राज्य सरकार संयुक्त रूप से 65 प्रतिशत तक की वित्तीय सहायता प्रदान करेंगी।

## डॉ. मनमोहन मिश्रा ने बताया दोनों पर्वों का धार्मिक, सामाजिक और दार्शनिक महत्व

# गोवर्धन-विश्वकर्मा पूजा: प्रकृति, श्रम व सृजन के प्रति आभार का पर्व

गोवर्धन पूजा: प्रकृति, अन्न और पशुधन के प्रति आभार
विश्वकर्मा पूजा: श्रम, सृजन व तकनीक के प्रति सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

भारतीय संस्कृति का सबसे सुंदर पहलू इसका त्यौहारों से भरा कैलेंडर है। ये पर्व केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि जीवन दर्शन, प्रकृति के प्रति आभार और कर्म की महत्ता का बोध कराते हैं। इसी क्रम में दीपावली के अगले दिन दो प्रमुख पर्व आते हैं – गोवर्धन पूजा और विश्वकर्मा पूजा। डॉ. मनमोहन मिश्रा ने इन दोनों पर्वों के आयोजन, विधि और उनके आधुनिक जीवन में महत्व को बताया। गोवर्धन पूजा, जिसे अन्नकूट उत्सव भी कहा जाता है, दीपावली के अगले दिन मनाई जाती है। यह पर्व भगवान श्रीकृष्ण द्वारा इंद्र के अहंकार को परास्त करने और प्रकृति की रक्षा के प्रतीक रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष गोवर्धन पूजा बुधवार, 22 अक्टूबर को होगी। प्रतिपदा तिथि 21 अक्टूबर रात 09:49 बजे से शुरू होकर 22 अक्टूबर रात 11:24 बजे तक रहेगी। उदया तिथि 22 को होने से पूजा इसी दिन होगी। शुभ मुहूर्त सुबह 06:28 बजे से 09:20 बजे तक रहेगा।

### ऐसे करें पूजा

सुबह घर और आंगन की सफाई कर पूजा स्थल तैयार किया जाता है। स्नान के बाद स्वच्छ वस्त्र पहनकर गोबर या मिट्टी से गोवर्धन पर्वत की प्रतिकृति बनाई जाती है, जिसे फूलों, पत्तियों, रंगोली और गाय-बछड़ों की मूर्तियों से सजाया जाता है। पर्वत का मुख पश्चिम दिशा की ओर रखा जाता है। इसके सामने दीपक जलाया जाता है, धूप और फूल अर्पित किए जाते हैं और फिर गोवर्धन की आरती होती है। अन्नकूट का भोग तैयार कर भगवान श्रीकृष्ण को अर्पित किया जाता है। पूजा के पश्चात पर्वत की 3, 5 या 7 बार परिक्रमा की जाती है और गौमाता की पूजा कर उन्हें चारा खिलाया जाता है।

### गोवर्धन पूजा का गहरा संदेश

डॉ. मिश्रा के अनुसार, गोवर्धन पूजा हमें यह संदेश देती है कि मनुष्य प्रकृति से ऊपर नहीं, बल्कि उसका अभिन्न अंग है। पर्वत, नदियां, पशु-पक्षी और भूमि हमारे जीवन का आधार हैं। यह पर्व किसानों और कृषि समाज के लिए विशेष महत्व रखता है, क्योंकि यह नई फसल और अन्न के प्रति आभार प्रकट करने का प्रतीक है। पर्व सामुदायिक एकता का प्रतीक है, जहाँ सभी मिलकर अन्नकूट तैयार करते हैं और भोजन साझा करते हैं।

### सृजन और श्रम के देवता को समर्पित है विश्वकर्मा दिवस

इसी दिन श्रम, सृजन और तकनीक के देवता भगवान विश्वकर्मा की पूजा भी की जाती है। डॉ. मिश्रा के अनुसार, जहाँ गोवर्धन पूजा प्रकृति से जुड़ाव का प्रतीक है, वहीं विश्वकर्मा पूजा मानव की सृजनात्मक शक्ति और श्रम के प्रति सम्मान का प्रतीक है। विश्वकर्मा पूजा तिथि बुधवार 22 अक्टूबर ही रहेगी। शुभ मुहूर्त सुबह 06:30 बजे से 09:30 बजे तक रहेगा।

### आधुनिक महत्व

डॉ. मिश्रा के अनुसार, विश्वकर्मा पूजा हर उस व्यक्ति के श्रम को सम्मानित करती है जो अपने हाथों और बुद्धि से कुछ नया रचता है। यह पर्व हमें "कर्म ही पूजा है" का संदेश देता है। ईश्वर की सच्ची आराधना अपने कार्य को निष्ठा, ईमानदारी और कुशलता के साथ करना है। हिंदू शास्त्रों के अनुसार, भगवान विश्वकर्मा सृष्टि के श्रेष्ठ शिल्पकार और वास्तुकार हैं। उन्होंने स्वर्गलोक, इंद्रपुरी, लंका, यमपुरी, पुष्पक विमान और देवताओं के अस्त्र-शस्त्रों का निर्माण किया। यही कारण है कि उन्हें "देवताओं के इंजीनियर" कहा जाता है। यह पूजा मुख्य रूप से कार्यस्थलों, उद्योगों, फैक्ट्रियों और मशीनरी से जुड़े स्थानों पर की जाती है।